आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1845 शनिवार** **06.06.2026**

मुख्य समाचारः–

1– सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम निमधा और सक्ती जिले के ठेठारी गांव में जनचौपाल लगाई।

2– राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति कल रायपुर में सामाजिक प्रगति चिंतन सम्मेलन में शामिल होंगी।

3– सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात जून कर दी है।

4– प्रदेश के विभिन्न स्थानों में अगले पांच दिनों तक आंधी–तूफान और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना।

मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम निमधा पहुंचे और ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली, पानी, राशन, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर जिले में नर्सिंग कॉलेज, ग्राम निमधा में मिनी स्टेडियम और मंगल भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

जनसंवाद के दौरान राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायत सामने आने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित राजस्व निरीक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही सीएम हेल्पलाइन शुरू की जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक टोल फ्री नंबर, ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने आज सक्ती जिले के ठठारी गांव में भी जनचौपाल लगाई। इस गांव में ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने सहकारी बैंक खोलने का ऐलान किया।

उपमुख्यमंत्री–निरीक्षण

लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने रायपुर–जगदलपुर मार्ग पर केशकाल घाट फोरलेन बायपास रुट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। ग्यारह किलोमीटर से अधिक लंबे इस मार्ग का निर्माण तीन सौ आठ करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। इस बायपास में दो बड़े और दो मध्यम पुल भी बनाए जाएंगे।

श्री साव ने अपने कोंडागांव प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

श्री साव ने आज अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन नालंदा परिसर का भी निरीक्षण किया।

## पिछड़ा वर्ग आयोग–बैठक

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति कल सात जून को रायपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। वे रायपुर में आयोजित पिछड़ा वर्ग संगठन के सामाजिक प्रगति चिंतन सम्मेलन में शामिल होंगी। इसके अलावा अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक भी लेंगी। इस बैठक में मुख्य सचिव के अलावा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रमुख सचिव भी मौजूद रहेंगे।

साध्वी निरंजन ज्योति अपने प्रवास के दौरान रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार भेंट भी करेंगी।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर भी कल रायपुर पहुंच रही है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि श्रीमती गौर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होंगी और संगठनात्मक विषयों, पिछड़ा वर्ग समाज के सशक्तीकरण और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शन करेंगी।

## भाजपा पौधारोपण

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वृहद पौधारोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत पूरे प्रदेश में इक्कीस लाख पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया कि प्रदेश के सभी बूथों में अनिवार्य रूप से पौधारोपण का कार्य किया जाएगा।

## जल प्रबंधन पहल

छत्तीसगढ़ की जल प्रबंधन पहल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने सिंचाई दक्षता बढ़ाने और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए राज्य में लागू कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन आधुनिकीकरण यानी एम–सीएडी मॉडल की प्रशंसा की है। मंत्रालय ने अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर इस मॉडल को अपनाने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे किसानों, जल संसाधन विभाग और सुशासन के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता का सम्मान बताया है।

## आजीविका कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ के सात जिलों में ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए एकीकृत आजीविका कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। मुख्य सचिव विकासशील ने इस संबंध में अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यक्रम बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिलों में शुरू किया जाएगा।

## 'पीपल सिटी'

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है और पर्यावरण की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। श्री चौधरी ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए औद्योगिक उत्सर्जन की ऑनलाइन निगरानी और फ्लाई ऐश प्रबंधन की व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में बीस हजार से अधिक पीपल के पेड़ लगाकर इसे 'पीपल सिटी' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

पीएससी परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा आज से शुरू हो गई है। यह परीक्षा नौ जून तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में हो रही है। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा के लिए प्रदेश में पांच केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर शामिल हैं।

सीबीएसई–पुनर्मूल्यांकन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात जून कर दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब कल मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। सीबीएसई ने सभी पात्र छात्रों से बढ़ी हुई समय–सीमा का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

पद्म पुरस्कार

पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन की प्रक्रिया जुलाई तक जारी रहेगी। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं, जो 15 मार्च से शुरू हुई हैं, केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार, जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री शामिल हैं, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

म्यू थाई चौंपियनशिप

उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई नेशनल यूथ म्यू थाई चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने सात स्वर्ण पदक सहित सत्रह मेडल जीते हैं। इस चौंपियनशिप में छब्बीस राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग नौ सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से छत्तीस सदस्यीय दल इस चौंपियनशिप में शामिल हुआ।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बिलासपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में आगामी कुछ दिनों प्री–मानसून गतिविधियों के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरप्रदेश और आंध्रप्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी तीन से पांच दिनों तक आंधी–तूफान और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। राज्य में बारह से अट्ठारह जून के बीच मानसून के दस्तक देने की संभावना है।

__संक्षिप्त समाचार__

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा के नये हाईटेक बस स्टैंड का शुभारंभ किया। इस बस स्टैंड में पुलिस सहायता केन्द्र भी स्थापित किया गया है।

– दुर्ग पुलिस ने अंतर्राज्यीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नौ आरोपियों को नागपुर से गिरफ्तार किया है। मौके से मोबाइल, लैपटॉप, आईपैड, सिमकार्ड सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और करीब तेईस लाख रूपए के आभूषण जब्त किए गए हैं।

– दुर्ग जिले के नंदनी थाना क्षेत्र के कोड़िया धान खरीदी केन्द्र में आज आग लग गई। इस घटना में सौ क्विंटल से अधिक धान जलकर नष्ट हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अभिजीत सिंह मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए।

– रायपुर के जयस्तंभ चौक स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल आफिस में आज आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

– विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में महासमुंद में कल संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली मिनी स्टेडियम से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई स्टेडियम में ही समाप्त होगी। इस दौरान योगा, जुंबा, आत्मरक्षा जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

__रेरा–नोटिस__

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण–रेरा ने प्रोजेक्ट के कॉमन एरिया को रहवासियों या समितियों को हस्तांतरित नहीं करने के मामले में पांच सौ पंचानवे प्रमोटर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रेरा अधिनियम के तहत कब्जा देने या निर्धारित संख्या में फ्लैट बुक होने के बाद कॉमन एरिया का हस्तांतरण करना अनिवार्य है। रेरा ने नोटिस में प्रमोटर्स से पन्द्रह दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित प्रमोटर्स के विरूद्ध रेरा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>